## महत्वपूर्ण एवं खास

### नौतपा का प्रकोप 24 मई से होगा शुरू

**दो जून तक रहेगा प्रभाव**

**रायपुर (आरएनएस)।** सूर्य के रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही 24 मई से नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। दूर दूर तक इसका प्रकोप रहेगा। ज्योतिषार्चा के अनुसार 24 मई को सुबह 9.30 बजे आनंद आयोग के सहयोग से सूर्य रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा वैसे ही नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। इसका प्रकोप 2 जून तक रहेगा। भीषण और तेज हवाएं चलने की भी जानकारी दी गई है। ग्रंथों के अनुसार सूर्य के दस अंश से लेकर 23 अंश तक रहने की स्थिति में अपनी प्रचंड उष्मा विकसित करता है। इसको नौतपा कहते हैं। नौतपा में प्रतिदिन गर्मी पड़ेगी और बूंदाबांदी होने की संभावना है। महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला के अनुसार यह मान्यता है कि नौतपा के दौरान बारिश होती है तो मानसून में कम बारिश होती है। यह मान्यता है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ज्योतिष गणना में नौतपा होता है लेकिन मौसम विज्ञान के अनुसार नौतपा का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने बताया कि एक द्रोणिका बनने के कारण मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय : रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु मेरिट सूची में सम्मिलित बच्चों को मिलेगा एक और अवसर

**22 मई को समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ सहायक आयुक्त कार्यालय में हो सकते है उपस्थित**

**रायगढ़।** एकलव्य आदिवासी विद्यालयों में रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु मेरिट सूची में सम्मिलित बच्चों को एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे बच्चे 22 मई 2025 को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है। सहायक आयुक्त/सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार कलेक्टोरेट कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में गत दिवस जिले की बालक सूची सरल क्रमांक 1 से 170 तथा बालिका सूची सरल क्रमांक 1 से 170 तक एवं जिले के विशेष पिछड़े जनजाति का प्रवेश हेतु काउंसिलिंग किया गया, जिसमें कुल 300 बच्चे उपस्थित हुए।

### टूर में भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवन कुमार कांकरिया 43 वर्ष आईडीबीआई के सामने सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रेव ओरा ट्रेवल्स कंपनी का मालिक केतन सलूजा, करण सिंह और विहान ने प्रार्थी और उसके परिवार के सदस्यों को वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 6 बार में 8 लाख 80 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राज्यपाल ने बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के 30 टी.बी मरीजों के लिए दी 1.80 लाख की सहायता

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 30 टी.बी. मरीजों की मदद के लिए नि:क्षय मित्र बनते हुए 1 लाख 80 हजार रूपये की राशि अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इस सहायता से मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राज्यपाल डेका ने बिलासपुर जिले के 10 टी.बी. मरीजों को एक वर्ष के लिए 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी है। इसी तरह सारंगढ़-बिलाईगढ़ और कोरिया जिलों के 10-10 टी.बी. मरीजों को भी प्रति माह पांच सौ रूपये के मान से एक वर्ष के लिए 60-60 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत देश एवं प्रदेश को वर्ष 2025 तक टी.बी मुक्त बनाना लक्ष्य है। डेका ने राज्य को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए समुदाय की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए जन सहयोग पर बल दिया है। जिलों के दौरों के दौरान वे स्वयं मरीजों की जानकारी लेते हैं और उनके लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाती है।

# एनएमएमएसई परीक्षा में जिले के 289 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

## माध्यमिक शाला सरवानी खरसिया की दिया पाण्डेय ने राज्य में किया टॉप

**रायगढ़**





माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 में रायगढ़ जिले के 289 होनहार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है, जो पूरे राज्य में दूसरा स्थान है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यार्थियों के लिए वर्ष भर विशेष कोचिंग कक्षायें चलाई गई, जिसके परिणाम स्वरूप जिले में इस वर्ष राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए। ज्ञात हो शासकीय शालाओं में कक्षा 08 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं के लिए हर साल राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्र को कक्षा 07 वीं में 55 प्रतिशत अंको के साथ (अजा और अजजा को 05 प्रतिशत छूट) उत्तीर्ण एवं आय सीमा वार्षिक 3 लाख को पात्रता होती है। इस वर्ष इस परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिया गया है, जिसमें रायगढ़ जिले से 3172 छात्र पंजीकृत थे, परीक्षा में 2968 छात्र सम्मिलित हुए। परीक्षा उपरांत घोषित परीक्षा परिणामों में 1420 छात्र उत्तीर्ण हुए, चूंकि छात्रवृत्ति का चयन प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर होता है, जिसके कारण रायगढ़ जिले से 289 छात्र एवं छात्राओं का चयन छात्रवृत्ति के लिये हुआ है। चयनित 289 छात्रों में 285 रायगढ़ जिले से और 04 छात्र सारंगढ़ जिले से है। पूरे छत्तीसगढ़ में शामिल छात्रों में रायगढ़ जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में दो प्रश्न पत्र की परीक्षा होती है जिसमें प्रथम प्रश्न पत्र मेन्टल एबिलिटी का और दूसरा प्रश्न पत्र विज्ञान, गणित विषयों से संबंधित होता है, प्रत्येक प्रश्नपत्र 90 अंकों का होता है कुल 180 अंकों की परीक्षा होती है।

- **पूरे राज्य में किया टॉप-** एनएमएमएस परीक्षा घोषित परिणामों के आधार पर रायगढ़ जिले के शासकीय माध्यमिक शाला सरवानी, विकासखण्ड खरसिया की छात्रा दिया पाण्डेय ने 141 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य स्तर की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- **04 साल तक मिलती है छात्रवृत्ति-** परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 09 वीं से 12 वीं तक प्रतिमाह 01 हजार रुपए की दर से साल में 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति की पात्रता होती है।
- **विषय शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण-** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.व्ही.राव के द्वारा रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखण्डों के माध्यमिक शाला में विज्ञान और गणित विषय को अध्यापन कराने वाले 545 शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला स्तर पर नटवर स्कूल रायगढ़ में किया गया, जिसमें परीक्षा के पैटर्न, हल करने के तरीके, समय प्रबंधन के बारे में दुर्ग जिले के एक्सपर्ट पवन सिंह और ईश्वरी प्रसाद सिन्हा द्वारा शिक्षकों को दी गई।
- **कराया जाता था नियमित अभ्यास-** सभी माध्यमिक शालाओं को एनएमएमएसई और प्रयास विद्यालय की तैयारी के लिये दो-दो गाइड क्रय करने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही प्रतिदिन अंतिम कालखंड में बच्चों को नियमित अभ्यास कराने को भी निर्देशित किया गया था। हर शनिवार को बेगलेस डे के दिन छात्रों की परीक्षा अनिवार्य रूप से ली जाती थी।

## कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की ली बैठक

**रायगढ़**



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने सुशासन तिहार में प्राप्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के आवेदनों पर शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के संबंध में चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हाइवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील करने, ठोस अपषिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत घर-घर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत पूर्ण करने एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य, परियोजना अधिकारी महेश पटेल, सहायक परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राय, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला रायगढ़ एवं जिला सलाहकार अर्जुन मेहेर, हीरा सिंग गोड़ उपस्थित रहे।

**केलो नदी कायाकल्प योजना को मिली रफ्तार**

## पंचधारी, जेलपारा एवं अतरमुड़ा एनीकट के जीर्णोद्धार हेतु रायगढ़ पहुंचे जल संसाधन विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारी

**रायगढ़**



रायगढ़ शहर की जीवनदायिनी केलो नदी के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार हेतु बहुप्रतीक्षित योजनाओं को अब नई दिशा मिल रही है। वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित केलो नदी कायाकल्प योजना के अंतर्गत पंचधारी एनीकट एवं जेलपारा एनीकट के जीर्णोद्धार, अतरमुड़ा एनीकट के निर्माण एवं खर्राघाट बैराज के कार्यों की प्रगति हेतु आज जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल रायगढ़ पहुंचा।

इस निरीक्षण दल में प्रमुख अभियंता इन्द्रजीत उईके, मुख्य अभियंता दीपक भुमरेकर, अधीक्षण अभियंता आलोक अग्रवाल, प्रसुन्न शर्मा, बडिया एवं संजय पाठक शामिल रहे। अधिकारियों ने सर्वप्रथम पंचधारी एनीकट का निरीक्षण कर उसे ओजी टाईप एनीकट के रूप में जीर्णोद्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पंचधारी एनीकट से पंप हाऊस तक सीढ़ी बनाने एवं नदी के बण्ड प्रोटेक्शन एनीकट के अपस्ट्रीम में सफाई करने, खर्राघाट बैराज एवं अतरमुड़ा एनीकट के निर्माण हेतु चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण कर बैराज की ऊचाई 04 मीटर रखने एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को करने एवं शीघ्र सभी योजनाएं जो वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित है तत्काल डीपीआर तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश दिए।

उक्त निरीक्षण के दौरान स्थानीय जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.आर. सारथी, होमेश नायक, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायगढ़, मनीष गुप्ता कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़, जमुना सिंह वारे कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा अ.मु.खरसिया, मंजू गोपाल कार्यपालन अभियंता मिनीमाता हसेदव बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

**कोतरा रोड पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह का किया पर्दाफाश**

## आरोपियों से 12 चोरी की बैटरी, एक मोटरसाइकिल समेत 1.58 लाख की चोरी की संपत्ति बरामद, एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



खड़ी गाड़ियों से बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कोतरारोड़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 12 बैटरियां, एक मोटरसाइकिल कुल 1.58 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार कल 19 मई को अतीश कुमार साही निवासी खैरपुर ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पांच ट्रेलर वाहनों से कुल 10 बैटरियां अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई हैं। उसने बताया कि ट्रेलर क्रमांक CG 13 LA 4206 से 18 मई की रात दो बैटरियां चोरी हुईं, जबकि 24 मार्च को चार अन्य ट्रेलरों से आठ बैटरियां गायब हो गई थीं। चोरी गई बैटरियों की कुल कीमत 80 हजार रुपये है। इस आधार पर थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 226/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि अन्य ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों से भी बैटरियां चोरी होने की घटनाएं हुई हैं और बीते कुछ महीनों में लगभग 34 बैटरियां चोरी हो चुकी हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन पर कोतरारोड़ पुलिस टीम ने जांच शुरू की। इसी दौरान थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बैटरियां लेकर ग्राहक तलाशते हुए किरोडीमल नगर की ओर घूम रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों युवकों को धर दबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सूरज सिंह (19), निवासी जगतपुर रायगढ़ और मनीष पटेल (19), निवासी ठाकुरपाली, कोतरारोड़ बताया। आरोपियों ने बैटरी चोरी की बात कबूल करते हुए एक अन्य साथी का नाम भी बताया जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है। गिरोह ने सुनसान जगह खड़ी गाड़ियों और गैरेज से बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों के बयान पर पुलिस ने सूरज सिंह से 6 बैटरियां, मनीष पटेल से 4 बैटरियां और मोटरसाइकिल तथा बाल अपचारी से 2 बैटरियां बरामद कीं। चोरी में प्रयुक्त वाहन CG 13 BD 0933 भी जब्त किया गया। बरामद कुल 12 बैटरियों और वाहन की कुल कीमत 1.58 लाख रुपये है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि सूरज सिंह आदतन चोर है और कोतवाली थाना क्षेत्र में उस पर पूर्व में 3 चोरी के मामले दर्ज हैं, वहीं विधि संघर्षरत बालक गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपी रहा है। गिरोह की संगठित आपराधिक प्रवृत्ति को देखते हुए पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 112(2), 3(5) जोड़ते हुए संगठित अपराध की कार्रवाई की है।

**गिरफ्तार आरोपी –**

1. सूरज सिंह पिता हरिचरण सिंह उम्र 19 वर्ष सा. जगतपुर रायगढ़ थाना सिटी कोतवाली रायगढ जिला रायगढ़ (छ.ग.)
2. मनीष पटेल पिता हेतराम पटेल उम्र 19 वर्ष सा. ठाकुरपाली थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ (छ.ग.)
3. विधि के साथ संघर्षरत बालक

**बरामद संपत्ति-**

कुल 12 बैटरियों तथा घटना में प्रयुक्त बाइक CG 13 BD 0933 कुल कीमत 1.58 लाख रुपये

## बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई । आरएनएस**

भिलाई की सुपेला थाना पुलिस ने बांग्लादेशी घुसपैठिया शहीदा खातुन उर्फ ज्योति रासेल एवं मोहम्मद रासेल शेख को छिपाकर रखने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अवैध घुसपैठियों को अपराधिक षडय़ंत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में सहयोग किया था तथा किराए से मकान दिलाकर प्रतिमाह किराए की रकम वसूल करता था।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.05.2025 को सुपेला क्षेत्रान्तर्गत अवैध अप्रवासियों पर कार्यवाही हेतु जिले में गठित स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) व्दारा अवैध रूप से अपनी पहचान छिपाकर अपना नाम बदलकर रह रही शहीदा खातुन उर्फ ज्योति रासेल एवं मोहम्मद रासेल शेख के विरूद्ध थाना सुपेला में अप.क.-571/25 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 3(5) बीएनएस, 14-ए विदेश नागरिक विषयक अधिनियम 1946 की धारा 3, एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना के दौरान जांच में पाया गया कि हरेराम प्रसाद निवासी काण्ट्रेक्टर कालोनी, सुपेला व्दारा उक्त दोनों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचान बदलकर रहने हेतु किराए का मकान दिलवाया था एवं इनसे प्रतिमाह किराए के रूप में निश्चित रकम भी वसूल करता था, इनके फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में अपराधिक षडय़ंत्र में शामिल था। जिसपर आरोपी हरेराम के विरूद्ध अपराध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रेलवे स्टेशन और मेडिकल कॉलेज से ऑटो किराया शहर के प्रमुख स्थानों में करें चस्पा -कलेक्टर

- **एचएसआरपी नंबर प्लेट्स लगाने के काम में लाएं तेजी**
- **सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन की हुई समीक्षा**
- **विभागों को वृक्षारोपण की तैयारियों के दिए गए निर्देश**
- **कलेक्टर चतुर्वेदी ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़**






कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को रेलवे स्टेशन और मेडिकल कॉलेज से निर्धारित ऑटो किराए की दरें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, जिला अस्पताल तथा शहर के अन्य सभी प्रमुख स्थानों पर चस्पा करने के लिए कहा, ताकि लोगों को इसको लेकर जानकारी हो। उन्होंने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए रायगढ़ के साथ अन्य सभी ब्लॉक में जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध जानकारी ली। बताया गया कि ब्लॉक्स में भी नंबर प्लेट लगाने फिटमेंट केंद्र खोला गया है। नियमित रूप से कैंप लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर चतुर्वेदी ने रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में पीएम आवास निर्माण के प्रगति के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर चतुर्वेदी ने सभी सीईओ जनपद को नियमित रूप से आवास निर्माण की फील्ड में जाकर निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि आवासों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनसमस्या निवारण पोर्टल्स पर आए आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति के बारे में जाना। कलेक्टर चतुर्वेदी ने आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आगामी मानसून में वृक्षारोपण को लेकर विभागीय तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि सभी विभाग पौधरोपण के लिए स्थल चयन के अपनी तैयारी पूरी रखें। बारिश शुरू होते ही प्लांटेशन ड्राइव शुरू किया जाएगा।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग से गर्भवती महिलाओं के सर्वे कर जानकारी एकत्र करने की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह में पूरे जिले में गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन का काम पूरा कर लिया जाए। जिससे उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग और काउंसलिंग के साथ जरूरी जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक में सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के द्वारा सेंटर के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर चतुर्वेदी ने सेंटर में प्राप्त प्रकरण, उसके निराकरण, उपलब्ध कराया गया परामर्श, विधिक एवं चिकित्सीय सहायता के बारे में जानकारी ली। सेंटर के निर्माणाधीन भवन को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर चतुर्वेदी ने इसके साथ ही यहां कार्यरत सेवा प्रदाताओं के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि सेंटर का संचालन व्यवस्थित और अच्छे तरीके से किया जाए। पीड़ित महिलाओं की यथासंभव सहायता सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480